span>

Title: Speaker made references to the passing away of Shri Bhim Prasad Dahal, Member of Eleventh, Twelfth and Thirteenth Lok Sabha

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को हमारे पूर्व साथी श्री भीम प्रसाद दाहल के दुःखद निधन के बारे में सूचित करना है।

श्री भीम प्रसाद दाहल सिक्किम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 11वीं, 12वीं और 13व लोक सभा के सदस्य थे। श्री दाहल कृषि संबंधी समिति, खाद्य नागरिक आपूर्ति औ सार्वजनिक वितरण संबंधी समिति तथा विदेशी मामालों संबंधी समिति के सदस्य रहे श्री भीम प्रसाद दाहल का निधन 67 वर्ष की आयु में 5 मार्च, 2022 को गंगटोक सिक्किम में हुआ।

हम अपने पूर्व साथी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं। यह सभा शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करती है।